Anti-Racism Policy

Information for parents and carers

नस्लवाद (रेसिज़्म) विरोधी नीति

माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए सूचना

नस्लवाद छात्र/छात्रा की भलाई, स्कूल में भागीदारी और सीखने के परिणामों पर प्रभाव डालता है। NSW के पब्लिक (सरकारी) स्कूलों में नस्लवाद और नस्लवाद से जुड़े व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाता है।

यह नीति किस बारे में है?

Anti-Racism Policy (नस्लवाद विरोधी नीति) स्कूल के माहौल में सम्मान और सद्भाव को बढ़ावा देती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी छात्रों को उनकी संस्कृति, भाषा या धार्मिक पृष्ठभूमि पर ध्यान दिए बिना उचित शैक्षिक अवसर प्राप्त हों। यह नीति:

- अबोरिजिनल (आदिवासी) लोगों पर नस्लवाद के प्रभाव को पहचानती है
- सुनिश्चित करती है कि स्कूल सभी छात्रों/छात्राओं से उच्च अपेक्षाएं रखते हैं और छात्रों/छात्राओं के किसी एक समूह को उनकी सांस्कृतिक, धार्मिक या भाषाई पृष्ठभूमि के कारण उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने से रोका नहीं जाता है।
- स्कूल समुदाय के सभी सदस्यों के लिए यह आवश्यक बनाती है कि वे अपने स्वयं के व्यवहार के बारे में सोंचे और यह सुनिश्चित करें कि उनके कार्यों के परिणामानुसार अन्य लोगों को नस्लवाद का अनुभव नहीं होता है
- सभी कर्मचारियों के लिए यह आवश्यक बनाती है कि वे अपने प्रशिक्षण पूरा करें ताकि वे नस्लवाद को रोकने में अपनी जिम्मेदारियों को समझें
- प्रत्येक स्कूल के लिए यह आवश्यक बनाती है कि उनके यहाँ एक प्रशिक्षित नस्लवाद विरोधी संपर्क अधिकारी हो।

नस्लवाद विरोधी संपर्क अधिकारी कौन होता है?

नस्लवाद-विरोधी संपर्क अधिकारी (Anti-Racism Contact Officer (ARCO)) प्रिंसिपल (प्रधानाचार्य) द्वारा नामित एक शिक्षक होता/शिक्षिका होती है जो स्कूल में नस्लवाद-विरोधी शिक्षा का नेतृत्व करने में सहायता करता/करती है। ARCO निम्नलिखित प्रदान करके प्रिंसिपल की सहायता करता/करती है:

- छात्रों के शिक्षण और कल्याण पर नस्लवाद से पड़ने वाले प्रभाव के बारे में कर्मचारियों की समझ का निर्माण करने में सहायता देकर
- छात्रों/छात्राओं और कर्मचारियों को सलाह देकर कि जब वे नस्लवाद की घटनाओं को देखते/देखती या सुनते/सुनती हैं तो वे कैसे प्रतिक्रिया दें
- स्कूल को सलाह कि वह नस्लवाद को दूर करने के लिए किन रणनीतियों पर ध्यान दे सकता है।

ARCO को नस्लवाद के बारे में complaints (शिकायतों) को हल करने की प्रक्रिया के बारे में माता-पिता और देखभालकर्ताओं, और शिक्षकों और छात्रों को सलाह देने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। यदि अनुरोध किया जाता है, तो ARCO शिकायत समाधान प्रक्रिया के दौरान एक support person or advocate (समर्थन व्यक्ति या अधिवक्ता) के रूप में भी कार्य कर सकता/सकती है।

अगर मेरा बच्चा/बच्ची स्कूल में नस्लवाद का अनुभव कर रहा/रही है तो मुझे क्या करना चाहिए?

यदि आपका बच्चा/बच्ची स्कूल में नस्लवाद का अनुभव कर रहा/रही है, तो आपको उसे शिक्षक/ शिक्षिका या स्कूल के नस्लवाद-विरोधी संपर्क अधिकारी को इसकी रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, या आप अपने बच्चे/बच्ची की ओर से इसकी रिपोर्ट कर सकते/सकती हैं।

मैं स्कूल में नस्लवाद के बारे में शिकायत कैसे करूँ?

माता-पिता और देखभालकर्ताओं और कर्मचारियों और छात्रों सहित स्कूल समुदाय का कोई भी सदस्य नस्लवाद के बारे में make a complaint (शिकायत कर सकता/सकती है)। नस्लवाद की शिकायतें प्रिंसिपलों, नस्लवाद विरोधी संपर्क अधिकारियों या स्टाफ के किसी भी सदस्य को रिपोर्ट की जा सकती हैं। नस्लवाद की शिकायतों का प्रबंधन School Community and Consumer Complaint Procedure (स्कूल समुदाय और उपभोक्ता शिकायत प्रक्रिया) में बताए गए तरीके से किया जाता है।

ऑनलाइन नस्लवाद के बारे में क्या?

स्कूल से संबंधित नस्लवाद जो ऑनलाइन होता है, जैसे कि व्यक्तिगत छात्र/छात्रा या सांस्कृतिक समूहों के छात्रों/ छात्राओं के प्रति नस्लवाद, उसे ऊपर निर्देशित तरीके के अनुसार स्कूल को सूचित किया जाना चाहिए। ऑनलाइन सुरक्षित रहने के बारे में सलाह के लिए, eSafety Commissioner website (eSafety आयुक्त वेबसाइट) पर Online safety (ऑनलाइन-सुरक्षा) देखें।

मुझे अधिक जानकारी कहाँ से मिल सकती है?

अधिक जानकारी के लिए Anti-racism education (जातिवाद विरोधी शिक्षा) देखें।

दुभाषिया सहायता

यदि आपको स्कूल से बात करने में मदद करने के लिए या किसी स्टाफ सदस्य के साथ अपॉइंटमेंट लेने के लिए एक दुभाषिया की आवश्यकता है, तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर कॉल करें और अपनी भाषा में एक दुभाषिया की माँग करें।

ऑपरेटर को स्कूल का फोन नंबर बताएं और फिर ऑपरेटर स्कूल को फ़ोन करेगा/करेगी और आपकी बातचीत में आपकी मदद करने के लिए लाइन पर एक दुभाषिया प्राप्त करेगा/करेगी।

यदि आपको विद्यालय के कर्मचारियों के साथ बैठकों के दौरान दुभाषिए की आवश्यकता है, तो विद्यालय को एक दुभाषिया आयोजित करने के लिए कहें। उपलब्धता के आधार पर स्कूल ऑनसाइट (स्थल पर), ऑनलाइन या टेलीफोन दुभाषिया की व्यवस्था करेगा। दुभाषिया सेवाओं के लिए आपसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।